प्रेषक,

सिद्धार्थ बरगोती
अपर सिविल जज (जू०डि०)
कक्ष संख्या 21, एटा ।

द्वारा - श्रीमान, जनपद न्यायाधीश
एटा ।

सेवा में,

महा निबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद ।

संख्या एटा /दिनांक

विषय – **एल. एल. एम. प्रथम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि प्रार्थी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणा से (एल. एल. एम.) विधि परास्नातक करना चाहता है । प्रार्थी ने सत्र 2019-2020 के लिये आवेदन इस न्यायिक सेवा में आने से पूर्व कर दिया था । महोदय सादर सूचना हेतु यह भी निवेदन करना है कि उक्त एल. एल. एम. की शिक्षा दूरस्थ शिक्षा पाठ्य़ क्रम के तहत है जिसमें शिक्षा ग्रहण करने हेतु विधालय जाना आवशयक नहीं है । इससे प्रार्थी के न्यायिक कार्य पर कोई बाधा उत्पन्न नही होगी ।

प्रार्थी ने पूर्व मे भी इस सम्बन्ध मे एक **प्रार्थना पत्र संख्या 502/XV civil/2020 दिनाँकित 16-03-2020** श्रीमान जी की सेवा मे प्रेषित किया था । पूर्व मे यह परीक्षा माह जून 2020 के अन्त में सम्भावित थी, अब यह परीक्षा दिनाँक 11-09-2020 से 05-10-2020 तक होना नियत हुई है, परीक्षा कार्यक्रम की छायाप्रति संलग्न है ।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि उक्त परीक्षा में शामिल होने की अनुमति शीघ्र प्रदान करने की कृपा करें ।

सादर ।

दिनाँक - 07-09-2020

भवदीय
Siddharth
(सिद्धार्थ बरगोती)
अपर सिविल जज (जू० डि०)
कक्ष संख्या 21- एटा (उ० प्र०) ।

संलग्नक - उपरोक्त अनुसार ।